Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-03-2006
Participants : Gehlot Shri Thawar Chand

an>

Title : Need to expedite construction of Central School Building at Shajapur, Madhya Pradesh.

श्री थावरचंद गेहलोत (शाजापुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शाजापुर, मध्य प्रदेश के शाजापुर जिला मुख्यालय पर कक्षा 9वीं तक केन्द्रीय विद्यालय चल रहा है। प्रत्येक कक्षाओं के दो-दो सैक्शन हैं अर्थात छात्र-छात्राओं की संख्या बहुत अधिक है। इस विद्यालय का संचालन स्थल कम पड़ता है। इस विद्यालय के भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि केन्द्रीय विद्यालय संगठन को उपलब्ध करा दी गयी है। भवन निर्माण करना आवश्यक है। मैं सरकार से इस विद्यालय के भवन निर्माण हेतु मांग करता रहा हूं।

मैं सरकार से पुनः मांग करता हूं कि इस विद्यालय के भवन निर्माण हेतु शीध्र स्वीकृति प्रदान की जाये तथा भवन निर्माण कराया जाये।